मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेन्सी क्षेत्र, इन्दौर (म.प्र.) –452001

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा–2022

परीक्षार्थियों के लिए जूते–मौजे एवं गर्म कपड़ो के उपयोग की अनुमति संबंधी

विज्ञप्ति

दिनांक 4-JAN-2024

क्रमांक 14229/14/2023/प–08

01 मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा–2022 आयोजन दिनांक 08.01.2024 से 13.01.2024 तक, एक सत्र में, प्रातः 10:00 से 01:00 बजे तक, प्रदेश के 10 संभाग/जिलों (इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, छिन्दवाड़ा, रतलाम, सतना, सागर, शहडोल एवं बड़वानी कुल–10) के परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है।

02 राज्य सेवा मुख्य परीक्षा–2022 के आयोजन के दौरान शीतकाल के प्रकोप के दृष्टिगत अभ्यर्थियों को जूते–मौजे, गर्म कपड़े आदि पहनकर परीक्षा देने की अनुमति दी जाती है, बशर्ते इस प्रकार की प्रत्येक वस्तु की सघन जाँच के पश्चात् ही अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जाएगा।

03 अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे प्रवेश पत्र में उपरोक्त के अतिरिक्त शेष अंकित वर्जित वस्तुओं संबंधी निर्देशों को परीक्षा के पूर्व भलीभांति पढ़कर समझ लें एवं उनका यथावत पालन सुनिश्चित करें।

04.01.24

परीक्षा नियंत्रक (प्र.)